भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये   Rs. 100

रु. 100   ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

राजस्थान RAJASTHAN

V 437567

:: रेन्ट लीज डीड ::

हम कि :—

1— धीरज सुवालका आयु 38 वर्ष आत्मज श्री गिरिराज प्रसाद सुवालका जाति कलाल निवासी रिद्वी सिद्वी नगर प्रथम, बून्दी रोड, कोटा राज0

प्रथम पक्षकार—(मकान मालिक)

2— श्री गिरिराज निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बालीता रोड, कुन्हाडी, कोटा राज0 जरिये अध्यक्ष – श्री गिरिराज प्रसाद सुवालका आयु 65 वर्ष आत्मज स्व0 श्री रामनारायण जी सुवालका जाति कलाल निवासी रिद्वी सिद्वी नगर, बून्दी रोड, कोटा राज0, गिरिराज एजू० एण्ड सोशल वेलफेयर सोसा० कोटा

द्वितीय पक्षकार— (किरायेदार)

जो कि प्रथम पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन मय खुली जमीन वाके बालीता तहसील लाडपुरा जिला कोटा राज0 में स्थित है,

Pinky

कि जिसके भूखण्ड की पैमायश 102 इंटू 110 फुट कुल क्षेत्रफल 11220 वर्गफुट है। उपरोक्त भूखण्ड में करीव 6000 वर्गफुट में दो मंजिला भवन निर्मित है तथा शेष खुला है । उपरोक्त भूखण्ड को प्रथम पक्षकारा ने श्री राम विलास आत्मज श्री गुलाब चन्द मीणा जाति मीणा निवासी ग्राम फतेहपुर खुश्क तहसील दीगोद जिला कोटा राज0 हाल निवासी कुन्हाडी, कोटा राज0 से क्रय किया हैं । तारीख क्रय भूखण्ड एवं उसके पश्चात इस पर निर्मित कराये गये भवन का प्रथम पक्षकारा ही एकमात्र मालिक एवं काबिज निर्विवाद एवं स्वतंत्र रूप से चला आ रहा हैं। प्रथम पक्षकारा को उक्त भूखण्ड मय निर्मित भवन को रहन, बैय करने एवं लीज आदि पर देने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है।

यह कि प्रथम पक्षकार के स्वामित्व एवं आधिपत्य के उपरोक्त वर्णित भूखण्ड मय निर्मित भवन को द्वितीय पक्षकार समिति रेन्ट लीज पर लेने के लिये इच्छुक एवं तैयार है तथा प्रथम पक्षकार भी अपनी उक्त सम्पत्ति भूखण्ड मय निर्मित भवन को लीज पर देने के लिये तैयार एवं सहमत है। पक्षकारान के मध्य उक्त भूखण्ड मय निर्मित/परिसर को 15 वर्ष की अवधि के लिये श्री गिरिराज निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.सी.) बालीता रोड, कुन्हाडी, कोटा के संचालन एवं शैक्षिणिक उपयोग हेतु लीज पर लेने व देने का अनुबंध हुआ है कि जिसकी शर्ते निम्न प्रकार से रहेंगी :-

1- यह कि उक्त भूखण्ड मय निर्मित भवन/परिसर को प्रथम पक्षकार ने 10,000/- रूपये अक्षरे दस हजार रूपये प्रतिमाह लीज पर द्वितीय पक्षकार को देने का अनुबन्ध किया है कि जिसकी वार्षिक लीज राशि 1,20,000/- रूपये अक्षरे एक लाख बीस हजार रूपये होगी । उक्त लीज राशि का हर माह द्वितीय पक्षकार समिति प्रथम पक्षकार को अदा करेगी। समिति को उक्त परिसर/भवन का श्री गिरिराज निजी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र के लिये पूर्णतया उपयोग एवं उपभोग

हस्ताक्षर- प्रथम पक्षकार | हस्ताक्षर-द्वितीय पक्षकार

करने का अधिकार रहेगा। उक्त परिसर/भवन पर कब्जा प्रथम पक्षकार ने द्वितीय पक्षकार समिति को मौके पर सम्भला दिया है। नल एवं बिजली के बिलों की राशि किराये की राशि के अतिरिक्त रहेगी, जिसको द्वितीय पक्षकार मीटर रीडिंग के हिसाब से अलग से संबंधित विभागों को भुगतान करते रहेगें।

2– यह कि उक्त वर्णित भवन की लीज अवधि 15 के लिये निश्चित की गयी है तथा किरायेदारी दिनांक 22.11.2013 से प्रारम्भ हो गयी है तथा अग्रेजी कलेण्डर के मुताबिक किरायेदारी हर माह की 22 तारीख से प्रारम्भ होकर आगामी माह की 21 तारीख को समाप्त मानी जावेगी। द्वितीय पक्षकार द्वारा प्रथम पक्षकार को उक्त भवन का किराया प्रत्येक माह की 25 तारीख तक अदा किया जाता रहेगा। किरायेदारी मासिक रहेगी तथा लीज राशि में प्रत्येक दो वर्ष के पश्चात 5 प्रतिशत के हिसाब से वृद्धि की जावेगी।

3– यह कि द्वितीय पक्षकार समिति को आवश्यकतानुसार उक्त परिसर/भवन में तामीर अथवा तरमीम कराने तथा शिक्षा प्रशिक्षण आदि कार्य का अधिकार रहेगा।

4– यह कि उक्त भवन में साफ–सफाई कराने एवं पुताई, रंग रोगन आदि का कार्य कराने का दायित्व स्वयं द्वितीय पक्षकार समिति का होगा ।

अतः यह दस्तावेज रेन्ट लीज डीड पक्षकारान ने पूर्ण होश हवास स्वस्थ चित्त बिना जोर दबाव के तहरीर कर दिया जो कि सनद रहे तथा वक्त जरूरत काम आवे ।

चतुर्सीमाये दो मंजिला भवन मय खुली जगह कि जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 11220 वर्गफुट वाके बालीता रोड, कुन्हाडी, कोटा राज0

Pinky